**Attachement 2.3**

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** जनपद चमोली के अन्तर्गत बारमगाड़ से कोटमिला (रेई) मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.940 हे0 सिविल, 0.404 हे0 वन पंचायत, कुल 1.344 हे0 वन भूमि का ग्रामीण सड़कें एवं ड्रेनेज विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 19/7/15 को ग्रामीण सड़कें एवं ड्रेनेज विभाग के द्वारा जनपद चमोली के अन्तर्गत बारमगाड़ से कोटमिला (रेई) मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री बुद्धि बल्लभ देवराड़ी, वन दरोगा , राजस्व विभाग की ओर से श्री देवी प्रसाद पुरोहित, राजस्व उपनिरीक्षक , प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री श्याम सुन्दर, अपर सहायक अभियन्ता, अन्य दावेदारों की ओर से स्थानीय ग्रामीण तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हैतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 230 (मी0) नाप भूमि से, 1145 (मी0) सिविल भूमि से, 375 ( मी0) वन पंचायत से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.207 हे0 नाप भूमि, 0.940 हे0 सिविल, 0.404 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.344 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 43 वृक्ष मेहल, सुरई, चीड, उतीस, फल्याट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से ..X.. बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 25 मी0 नाप भूमि, 1500 मी0 सिविल वन भूमि, 425 मी0 वन पंचायत भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.023 हे0 नाप भूमि, 1.050 हे0 सिविल, 0.297 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.347 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 80 वृक्ष मेहल, सुरई, चीड़, बांज, उतीस, फल्याट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 30 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर मेहल, सुरई, चीड़, उतीस, फल्याट प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.4 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 4' 43.83'' उ0, 79 25' 39.44'' पू0 है तथा यह स्थल बारमगाड़ से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल कोटमिला है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 4' 15.80'' उ0, 79 25' 30.91'' पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 29 52' 59.70'' उ0, 79 55' 44.79'' पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 4' 33.40'' उ0, 79 25' 29.08'' पू0 / 30 4' 44.49'' उ0, 79 25' 39.46'' पू0 हैं।

AAE RWD.

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
चमोली, (गोपेश्वर)

(राजस्व विभाग प्रतिनिधि)
राजस्व उप निरीक्षक कुलसारी
तहसील थराली
जनपद चमोली

वन क्षेत्राधिकारी
असेड़ सिमली रेंज
(वन विभाग प्रतिनिधि)

प्रधान ग्राम पंचायत
हस्ताक्षर
दिनांक 3-7-2

जिलाधिकारी
प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी

वन क्षेत्राधिकारी
पश्चिमी पिण्डार रेंज
नारायणबगड़
प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी

उप जिलाधिकारी
थराली (चमोली)

तहसीलदार
थराली
जिला चमोली

उप प्रभागीय वनाधिकारी
अलकनन्दा भूमि संरक्षण
वन प्रभाग-गोपेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी
अलकनन्दा भूमि संरक्षण वन प्रभाग
गोपेश्वर